# ग्राम पंचायत तलवाड़, विकास खण्ड लम्बागांव जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176096 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत तलवाड़, विकास खण्ड लम्बागांव, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा प्रथम बार किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

**प्रधानः–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रेणू | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**सचिव :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार | 01.04.2022 से 17.04.2022 |
| 2 | श्री रवि कुमार | 18.04.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री कपिल देव | 01.04.2022 से 10.10.2022 |
| 2 | श्रीमती पूनम | 11.10.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नेहा | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

ग्राम पंचायत तलवाड़ के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 14.36 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 34.97 |
| 3 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.65 |
| 4 | 7.2 | पानी समिति परियोजना के अंतर्गत पंचायत राजस्व का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.93 |
| 5 | 8.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.74 |
| 6 | 8.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 2.99 |
| 7 | 8.3 | खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करना | 3.49 |
| | 9.1 | पेवर ब्लाक हेतु अनियमित भुगतान | 4.81 |
| 8 | 11 | स्त्रोत पर टी0 डी0 एस0 की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण सरकारी राजस्व की हानि | 0.09 |
| 9 | 12 | विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत करवाये गये निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे | 8.36 |
| 10 | 14 | ऑनलाईन रोकड़ बहियो में अनुचित/असमर्थित/समायोजित प्रविष्टियां करने बारे | 15.93 |

## भाग—दो

### 2. वर्तमान अंकेक्षणः—

ग्राम पंचायत तलवाड़ के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का प्रथम एवं वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 10.12.2024 से 18.12.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई स्कीम वाईज ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गया:—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 03/2023 | 08/2022 |
| 2023—24 | 03/2024 | 06/2023 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

3. **अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹4000/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का. /2024/639 दिनांक—18.12.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया। सचिव द्वारा अंकेक्षण शुल्क की राशि कांगडा केन्द्रीय सहकारी बैंक लम्बागांव के मल्टीसिटी चैक संख्या 466786 दिनांक 21.12.2024 द्वारा निदेशक, हि0प्र0 राज्य लेखा परीक्षा विभाग को भेज दी गई है।

4.1 **(क).वित्तीय स्थितिः—**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः— राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का. /2024/618 दिनांकः—10.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट—1** में दिया गया हैः—

1.स्वः—स्त्रोतः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 1173560.00 | 721892.00 | 1895452.00 | 478904.00 | 1416548.00 |
| 2023-24 | 1416548.00 | 403172.00 | 1819720.00 | 485909.00 | 1333811.00 |

2.अनुदानः—

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4—5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 4928156.39 | 2046807.58 | 6974963.97 | 3222353.58 | 3752610.39 |
| 2023-24 | 3752610.39 | 1384936.95 | 5137547.34 | 1640472.95 | 3497074.39 |

**कुल योग** (1+2)1333811+3497074.39=**4830885.39**

**(ख) बैंक समाधान विवरणीः–**

दिनांक 31.03.2024 को ग्राम पंचायत की ऑनलाईन रोकड़ बहियों /वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹48,30,885.39/- तथा प्रस्तुत बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹33,94,702.75/–से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार हैः–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र0 सं0** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत/5वां वित | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 20019004926 | 1364239.00 |
| 2 | तीसरा वित | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50056388110 | 00 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई/एस.डी.पी | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50058433048 | 89793.00 |
| 4 | ए.ए.वाई/आर.ए.वाई | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 20019045986 | 00 |
| 5 | डबल्यू.डी.एफ | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 20019031519 | 00 |
| 6 | सी.आर.एफ | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50056388074 | 00 |
| 7 | एम.पी.लेड | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50056388029 | 00 |
| 8 | जेड.पी | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50060646122 | 00 |
| 9 | 14वॉं वित्त | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50056388052 | 00 |
| 10 | 15वॉंवित्त/पी.एस/जेड.पी | यूको•बैंक लम्बागांव | 10680110038673 | 1939934.75 |
| | हस्तगत शेष (ऑनलाईन रोकड.बही के अनुसार) | | | 736 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹3394702.75 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹4830885.39 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹3394702.75 |
| अन्तरः– | | | | 1436182.64 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹14.36/– लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत तलवाड़ द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹1436182.64 का अन्तर रोकड़ बही में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/619 दिनांकः–11.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.टी/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणो बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए अन्यथा अंतर की राशि की उचित स्त्रोत से वसूली करना सुनिश्चित की जाये तथा भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः–**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच–एच.ए (5) सी (15) –(13) (एल) 5–47005–81 दिनांक–15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत तलवाड़ के बैंक खातों के अंकेक्षण में पाया गया कि, ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे। अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, 5वां वित तथा वी.के.वी.एन.वाई/एस.डी.पी शीर्षो के अन्तर्गत नियमों एवं निर्देशो के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20019004926 व 50058433048 खोले गये थे, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाते हैं एवं नियमों निर्देशों के विपरीत है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/638 दिनांकः—18.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—जी.पी.टी/47 दिनांकः—18.12.2024 द्वारा अंकेक्षण के आश्वस्त किया गया कि शीर्ष वाईज खातो का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातो का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय—समय पर जारी दिशा—निर्देशो अनुसार ही बैंक खातो का रख—रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

## 5 निवेश न करने बारेः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियो को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्ट्रीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियों में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणावधि के दौरान ₹11,61,578 से ₹13,64,239 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पड़ा है।

इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/638 दिनांकः 18.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—जी.पी.टी/47 दिनांक 18.12.2024 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है। अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप—1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

## 6.1 अनुदान की राशि ₹34.97/— लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः—

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्या: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/618 दिनांक:–10.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि परिशिष्ट–1 व परिशिष्ट–2 पर संलग्न है, के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹3497074.39/– की राशि उपयोग हेतु शेष थी, जिसमें 14वें वित्तायोग का ₹8474 का माइनस बैलेंस भी शामिल था:–

| क.स. | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2024 | 19390 |
| 2 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 80000 |
| 3 | सी.आर.एफ | 31.03.2024 | 334 |
| 4 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 1535 |
| 5 | आई.डबल्यू.डी.पी | 31.03.2024 | 3050 |
| 6 | आर.ए.वाई | 31.03.2024 | 1750 |
| 7 | एस.बी.एम | 31.03.2024 | 200 |
| 8 | 13वाँवित्त | 31.03.2024 | 1472564 |
| 9 | 14वाँवित्त | 31.03.2024 | -8474.36 |
| 10 | 15वाँवित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1926725.75 |
| | | **कुल जोड** | **3497074.39** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/623 दिनांक–16.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र–जी.पी.टी/47 दिनांक:–18.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अनउपयोग अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों एवं माइनस बैलेंस का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्येश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा यथास्थिति कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**पंचायत राजस्व से प्राप्त आयः–**

**7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.65/- लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत(Outstanding)नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/618 दिनांकः–10.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹64585/–** की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। क्योंकि अवधि 2023–24 के दौरान ग्राम पंचायत द्वारा सम्पत्तिकर/गृहकर की कोई वसूली नहीं की गई। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का बिना पर्याप्त कारणों के वसूली हेतु शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के सम्पत्ति कर/गृहकर का मांग व एकत्रीकरण रजिस्टर को भी तैयार नहीं किया गया था, जिसके अभाव में **परिशिष्ट "4"** पर दर्शाए गए दिनांक 01.04.2022 को अथशेष तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई कुल मांग व दिनांक 31.03.2024 को सम्पत्ति कर/गृहकर के रूप में वसूली हेतु शेष राशि की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/624 दिनांकः–16.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.टी/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा सम्पति कर मांग व संग्रह रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करें तथा भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए

तथा इससे संबंधित मांग व संग्रहण रजिस्टर को तैयार करके कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.2 ग्राम पंचायत द्वारा संचालित ग्रामीण पानी सप्लाई स्कीम/पानी समिति परियोजना के अंतर्गत पंचायत राजस्व ₹0.93/- लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जाना :–**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणो के परादेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

ग्राम पंचायत द्वारा संचालित ग्रामीण पानी सप्लाई स्कीम/पानी समिति परियोजना के अंतर्गत पंचायत क्षेत्र के समस्त परिवारो से समय–समय पर ग्राम पंचयात द्वारा निर्धारित जल शुल्क प्रति परिवार/नल की दर से वसूली की जानी अपेक्षित थी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/618 दिनांकः–10.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना के अनुसार जल शुल्क के रूप में **₹93250**/– की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। उक्त राशि की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत के परिवार सग्रहण रजिस्टर/मांग तथा वसूली रजिस्टर को का न तो वार्षिक आधार पर और न ही माहवार अनुरक्षण किया गया था। जिसके अभाव में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** में दर्शाए गए दिनांक 01.04.2022 को अथशेष तथा अंकेक्षण अवधि के दौरान सृजित की गई कुल मांग व वसूली हेतु शेष की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी। उपरोक्त के अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा इस वकाया जल शुल्क की वसूली हेतु कोई ठोस कार्रवाई भी अमल में नहीं लाई गई थी,जिससे स्पष्ट है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित वसूली हेतु गम्भीर नहीं है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/632 दिनांकः–17.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.टी/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि इस बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा तथा उक्त से संबंधित मांग व वसूली रजिस्टर को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके तथा संबंधित मांग व वसूली रजिस्टर को भी तैयार करके तथा समय–समय पर ग्राम पंचायत/सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशो के अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.3 पानी समिति योजना से प्राप्त आय ₹0.03/- को बैंक में जमा न करवानाः–

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 4(2) के अनुसार पंचायत द्वारा आय में प्राप्त धन राशियों को संबंधित बैंक में जमा करवाया जाना अपेक्षित है। ग्राम पंचायत तलवाड द्वारा संचालित उक्त परियोजना की रसीद बुको के अवलोकन पर पाया गया कि निम्न तालिका के अनुसार ₹3250 ग्राम पंचायत द्वारा बैंक में कम जमा करवाये गये थेः–

| क.स. | रसीद संख्या | रोकड बही पृष्ठ संख्या | प्राप्त आय | बैंक में जमा | कम जमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0335 से 0400 | निल | 59400 | 56150 | 3250 |

इस गम्भीर अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/636 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसकी वसूली रसीद संख्या 156388 द्वारा करके सभा निधि खाता सख्या 20019004926 में दिनांक 20.12.2024 को जमा करवा दी गई है, जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु कारगार कदम उठाये जाऐं।

## 7.4 ग्रामीण पानी सप्लाई स्कीम/पानी समिति परियोजना से संबंधित महत्वपूर्ण अभिलेखों का अनुरक्षण न करनाः–

हि• प्र• पंचायती राज सामान्य नियम 1997 के नियम 89(1)(2) के अंतर्गत प्रावधित अन्य अभिलेख/रजिस्टरों का अनुरक्षण किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/632 दिनांकः 17.12.2024 द्वारा मांगी गई जानकारी के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी. पी.टी/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा दी गई सूचना अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा संचालित उक्त परियोजना से संबंधित निम्न रजिस्टर/अभिलेखो का अनुरक्षण नहीं किया गया था, फलस्वरूप लेखांकन प्रकिया में पूर्णता एवं पारदर्शिता के अभाव में किसी भी स्तर पर धन एवं सामग्री के दुरूपयोग की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः–

| क्र0 | रजिस्टर/अभिलेख | ग्राम पंचायत द्वारा दिया गया स्पष्टीकरण |
|---|---|---|
| 1. | अवधि जिस दिनांक से ग्राम पंचायत द्वारा उक्त योजना संचालित की जा रही है, उसका सम्पूर्ण ब्यौरा। | इससे संबंधित सम्पूर्ण ब्यौरा अभिलेखों की जांच पडताल करने उपरान्त अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। |
| 2. | हस्तांतरण के समय संबंधित योजना की सम्पतिया व दायित्व से संबंधित ब्यौरा। | संबंधित सम्पूर्ण ब्यौरा अभिलेखों की जांच पडताल करने उपरान्त अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। |
| 3. | जब उक्त स्कीम ग्राम पंचायत को हंस्तातरित की गई ,उस समय बकाया राशि से संबंधित ब्यौरा,परिवारो/नलो से संबंधित संख्या ब्यौरा। | संबंधित अभिलेख पूर्ण रूप से तैयार नहीं है,उन्हे तैयार करने उपरान्त अगामी अंकेक्षण में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। |
| 4. | परिवार सग्रहण रजिस्टर | तैयार नहीं किया गया |
| 5 | बिल बुक स्टॉक रजिस्टर | तैयार नहीं किया गया |
| 6 | रसीद बुक स्टॉक रजिस्टर | तैयार नहीं किया गया |
| 7 | मांग तथा वसूली और आय और व्यय रजिस्टर | तैयार नहीं किया गया |
| 8 | पानी समिति कार्यवाही रजिस्टर | तैयार नहीं किया गया |
| 9 | तकनीकी सूचना रजिस्टर व अन्य संबंधित अभिलेख | तैयार नहीं किये गये |

अतः उपरोक्त महत्वपूर्ण अभिलेखो को अनुरक्षित न किए जाने बारे वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने के अतिरिक्त अब प्राथमिकता के आधार पर इन अभिलेखो का अनुरक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाये व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 7.5 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में ₹0.03/- लाख की वसूली हेतु शेष पाया जाना :—

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक 04.10.2016 के अनुसार विवाह के पंजीकरण हेतु ₹200 (सामान्य श्रेणी) व आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल. श्रेणी के लिये ₹25 पंजीकरण शुल्क व 30 दिनो के बाद 90 दिनो के भीतर ₹400(सामान्य श्रेणी) से व ₹50 आई.आर.डी.पी/बी.पी.एल श्रेणी से प्रति विवाह पंजीकरण शुल्क प्राप्त करके सरकारी कोष में जमा करवाना अपेक्षित है।

विवाह पंजीकरण शुल्क रजिस्टर के नमूना अंकेक्षण तथा पंचायत सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट–"6"** अनुसार 11 विवाह पंजीकृत किये गये थे,जिस हेतु ₹200/400 की दर से कम राशि वसूली गई थी, जबकि उक्त वर्णित दरो के अनुसार ₹3000 प्राप्त किये जाने अपेक्षित थे:–

उक्त न वसूली गई राशि का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/625 दिनांक:–16.12.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत तलवाड के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या:–GPT/47 दिनांक:–18.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि बकाया विवाह पंजीकरण शुल्क की वसूली कर ली जायेगी। प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसकी अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, सरकारी कोष जमा करवाना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 7.6 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.02/– लाख को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने बारे:–

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांक:– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक: राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/618 दिनांक:–10.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "6"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत तलवाड़ द्वारा वर्ष 2022–23 व 2023–24 के दौरान ₹2200 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई, परन्तु उसे न तो उसे सरकारी कोष में और न ही बैंक में जमा करवाया गया था:–

| क्र0सं0 | वित्तीय स्थिति | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि |
|---|---|---|
| 1 | 2022–23 | 800 |
| 2 | 2023–24 | 1400 |

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष/बैंक में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/625 दिनांक:–16.12.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत तलवाड़ के ध्यानार्थ लाया गया, जिसे रसीद संख्या 156389 द्वारा सभा निधि खाता सख्या 20019004926 में दिनांक 20.12.2024 को ग्राम

पंचायत के निधि खाते मे जमा करवा दिया गया है। जिसकी निधि खाते में जमा होने की अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है,परन्तु उक्त राशि राजकीय कोष में जमा करवाई जानी अपेक्षित है।

अतः पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित सुधारात्मक अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 8.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.74/– लाख के स्टॉक का क्रय करनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश, निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित है।

ग्राम पंचायत तलवाड़ के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "7"** के अनुसार ₹74300/– का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

उपरोक्त अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/628 दिनांकः–16.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.टी/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 8.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹2.99/– लाख का स्टॉक रजिस्टर में लेखांकन न होनाः–

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत तलवाड़ द्वारा अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट–"7"** पर संकलित

राशि ₹2,98,740/– के स्टॉक को क्रय उपरान्त मद बार स्टाक रजिस्टरो में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे क्रय हेतु कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/629 दिनांकः–16.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–जी.पी.टी/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्थाई स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.3 खनन सामग्री बिलों के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹3.49/– लाख का अनियमित भुगतान करने बारे:–**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81–ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा,परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हे भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

अंकेक्षण अवधि के चयनित मासो के व्यय वाउचरो के अंकेक्षण व सचिव द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "8"** पर संलग्न सूचना के अनुसार निर्माण कार्यो के निषादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए थे। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹349411.38/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम, प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/630 दिनांकः–17.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPT/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उपरोक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन निर्माण सामग्री के आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा इन प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 9.1 निर्माण कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री पेवर ब्लॉक्स के क्रय हेतु ₹4.81/- लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः–

सचिव **(RD&PR)** हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.PCH-HC(10) FFC-Misc-60819-978 दिनांक 13.11.2018 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा निम्न विवरणानुसार राशि ₹480874 के पेवर ब्लॉक्स तथा टाइल्स का क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम नियंत्रक भंडार के Rate Contract अथवा Gem Portel से अनुपलब्धता सुनिश्चित किए बिना ही खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया गया था तथा न हीं ग्राम पंचायत द्वारा उक्त पत्र में वर्णित प्रावधान It will be mandatory for the concerned technical authority to give justification of the rates in the estimate.Before placing the supply order or awarding the work to lowest bidder justification of rates may be prepared and got approved from the one step up authority who has accorded Technical sanction. अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाई गई थी, परिणामस्वरूप किया गया भुगतान अनियमित एवं आपतिजनक हैः–

| क्र0सं0. | अनुदान | वाउचर सं/दिनांक | विवरण | मात्रा | राशि(₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | $14^{TH}$ FC | 20/ 24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 349 dt.-11.07.2022 | 1600 | 30294 |
| 2 | $14^{TH}$ FC | 20/24.08.2022 | 40mm(Paver.Block)from M/s Mohindera | 2450 | 39609 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 350 dt.-11.07.2022 | | |
| 3 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 348 dt.-11.07.2022 | 2500 | 44975 |
| 4 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 351 dt.-02.07.2022 | 1500 | 28042 |
| 5 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 352 dt.-09.07.2022 | 2600 | 46774 |
| 6 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 353 dt.-01.07.2022 | 1350 | 26325 |
| 7 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 354 dt.-01.07.2022 | 2600 | 46774 |
| 8 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 355 dt.-01.07.2022 | 2500 | 44975 |
| 9 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 356 dt.-10.08.2022 | 2900 | 46110 |
| 10 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 357 dt.-11.08.2022 | 1600 | 27184 |
| 11 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 358 dt.-10.08.2022 | 2500 | 44975 |
| 12 | 14TH FC | 20/24.08.2022 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 359 dt.-10.08.2022 | 1100 | 21450 |
| 13 | 15TH FC | 02/16.06.2023 | 60mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 698 dt.-16.06.2022 | 2629 | 30207 |
| 14 | 15TH FC | 03/16.06.2023 | 40mm(Paver.Block)from M/s Mohindera Industry Kuthan Jaisinghpur Bill No 604 dt.-10.02.2023 | 200 | 3180 |
| | | | | Total | 480874 |

उपरोक्त अनियमितता के दृष्टिगत किये गए क्रय तथा वर्णित पत्रानुसार कार्यवाही न करने का औचित्य स्पष्ट करने हेतु, जारी अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/633 दिनांकः—17.12.2024 के प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय के पत्र संख्याः—GPT/47 दिनांकः—18.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है तथा भविष्य में नियमानुसार सामग्री क्रय की जाएगी। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए उक्त व्यय को नियमानुसार सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में नियमानुसार ही पेवर ब्लॉक्स का क्रय करना सुनिश्चित करें व कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

## 9.2 14वें वित के अंतर्गत करवाये गए निर्माण कार्य के लिये सामग्री खरीद हेतु ₹0.04/—लाख का अधिक भुगतान करना :—

निर्माण एम्बुलेन्स रोड बोडी से प्यार चन्द के घर की ओर वार्ड—3 की रिकार्ड प्रविष्टियां का अंकेक्षण करने पर पाया गया निम्न तालिका के अनुसार माप पुस्तिका संख्या 11028 के पृष्ठ संख्या 33 व 34 में निर्माण सामग्री, रेत का माप पुस्तिका में निष्पादन कम किया दर्शाया गया था जबकि इस कार्य के लिये बिल संख्या 122 दिनांक 15.06.2022 तथा 129 दिनांक 12.03.2022 के अनुसार निर्माण सामग्री रेत 250 cft का क्रय किया गया था। परिणामस्वरूप मूल्यांकन की अपेक्षा सामग्री की अधिक खपत दर्शाने/जारी करने के कारण **₹4497/—** का अधिक भुगतान किया गया।

| क्र0 सं0 | अनुदान | सामग्री | क्रय की गई सामग्री की मात्रा | निर्माण कार्यो पर उपयोग हुई सामग्री की मात्रा | अंतर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नरेगा | रेत | 250 cft | 158cft | 92 | 48.877 | 4497 |

**<u>वास्तविक खपत योग्य सामाग्री का विवरण</u> :—**

1. Item-3 P/L(1:3:6)-9.126m3X.47(Sand Factor)+5%(Varitation)=158cft

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/631 दिनांकः—17.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसकी वसूली रसीद संख्या 156390 द्वारा करने उपरान्त, खाता संख्या 20019004926 में दिनांक 20.12.2024 को जमा करवा दिया गया है। जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है।

अतः ऐसे मामलों की पुनरावृति पर अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार उच्च तकनीकी अधिकारियों की नमूना जाँच एवं सत्यापना उपरान्त ही भुगतान किए जाने सुनिश्चित किये जाएं।

## 10 अनुदान 15वें वित के अंतर्गत राशि ₹1.0/– लाख की सामग्री का अनियमित क्रय करने बारे:–

ग्राम पंचायत द्वारा साफ–सफाई व कूड़ा करकट के लिये डस्ट बिन स्थापित करने हेतु निम्नविवरणानुसार राशि ₹ 100000 का भुगतान किया गया था। व्यय वाउचरो का अवलोकन करने पर निम्न आपतियां पाई गई:–

1.हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(5) ए के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा ₹50000 से अधिक की खरीद पर न्यूनतम दो समाचार पत्रो द्वारा टेन्डर कॉल किये जाने अपेक्षित है। चयनित मास 06/2023 में ग्राम पंचायत द्वारा उक्त अनुदान के अंतर्गत टेन्डर कॉल करने की प्रकिया को पूर्ण किये बिना ही साफ–सफाई व कूड़ा करकट के लिये राशि ₹100000 के डस्टबिन की खरीदी की गई। जोकि उपरोक्त नियम की पूर्णतः अवहेलना के दृष्टिगत अनियमित तथा आपतिजनक है। इस प्रकार से ग्राम पंचायत द्वारा ₹100000 का अनियमित भुगतान किया गया।

2.ग्राम पंचायत द्वारा बिना निविदाये आंमत्रित किये क्रय किया गया तथा प्राप्त निविदाओं में मै0 मनु ईंटरप्राईजेज सुजानपुर टीरा द्वारा दी गई निविदा बिना जी.एस.टी के ही प्राप्त की गई थी।

3.हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(3) के अनुसार उक्त सामग्री की खरीद से पूर्व ग्राम पंचायत द्वारा एक उप–समिति गठित की जानी थी, जिसमें कि प्रधान,उप प्रधान ,दो वार्ड सदस्य जो ग्राम पंचायत द्वारा नामित किये गये हो व संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, जिसका गठन ग्राम पंचायत द्वारा नहीं किया गया था।

4.उक्त क्रय हि0 प्र0 सरकार के स्वीकृत माध्यम अर्थात भंडार नियंत्रक की दर संविदा (Rate Contract) अथवा Gem Portel से उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये किया जाना वांछित था तथा यदि उक्त सामग्री हि0 प्र0 सरकार के भंडार नियंत्रक के Rate Contract अथवा Gem Portel से उपलब्ध नहीं होती है तो पंचायत द्वारा उक्त सामग्री का क्रय खुले बाजार से निविदाये आमंत्रित करके किया जा सकता है, परन्तु ग्राम पंचायत द्वारा इस प्रकार की कोई भी कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई थी।

5.उक्त क्रय की गई सामग्री को स्थायी परिसम्पति स्टॉक रजिस्टर में भी इन्द्राज नहीं किया गया था।

| क्र0सं0 व अनुदान | वाचर स. /दिनांक | फर्म का नाम | बिल सं. /दिनांक | सामग्री | मात्रा | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.15TH FC | 11/ 17.06.2023 | M/s Jai Jawala Steel Industries Sujanpur Tira | 391/ 28.08.2023 | Dust bin made of M.S steel with painting etc.(Including GST) | 14 | 7142.858 | 100000 |

इन अनियमितताओं बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाने बारे सचिव ग्राम पंचायत को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/634 दिनांकः–17.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–GPT/47 दिनांकः–18.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में नियमानुसार ही खरीद की जाएगी तथा अन्य अनियमितताओं हेतु नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा उक्त सामग्री का स्थायी स्टाक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रत्युतर नियमानुकूल न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः ग्राम पंचायत द्वारा इतनी अधिक राशि का व्यय नियमो की अवहेलना करते हुये करना उचित नहीं था। अतः मामला उच्चधिकारियो के ध्यानार्थ इस आश्य के साथ लाया जाता है कि मामाले की छानबीन व पडताल करने उपरान्त वस्तुस्थिति नियमों, प्रावधानों अनुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11 स्त्रोत पर टी0 डी0 एस 0की कटौती करने हेतु अपेक्षित अभिलेख संधारित न करने के कारण राशि ₹0.09/- लाख के सरकारी राजस्व की सम्भावित हानिः-**

हिमाचल प्रदेश आबकारी एवं कराधान विभाग पत्र संख्या 12-4/78-EXN-TAX-पार्ट–(278/25)-29056,दिनाक 29-09-18 के अनुसार दिनांक 01-10-18 से गुड्स व सेवायों और दोनों की आपूर्ति हेतु **₹** 2.5 लाख रुपये से अधिक की अदायगियों से @2% की दर से GST/TDS काटने एवं उसे अगले माह की 10 तारीख तक सरकारी कोष में जमा करवाने तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप(annexure-A) अनुसार GSTR7 फाइल करने हेतु अभिलेख तैयार करने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत द्वारा पर "परिशिष्ट -9 "प्रस्तुत सूचना अनुसार पाया गया कि 14 वा वित् शीर्ष के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों के लिये निम्नविवरणानुसार निर्माण सामग्री प्राप्ति की गई थी किन्तु उक्त नियम प्रावधानों के दृष्तिगत आपूर्तिकर्ताओं से स्त्रोत पर कर राशि **₹8950/-** की कटौती (टीडीएस) नहीं की गई थीः-

| क्रम स० | वो0/दिनांक | कॉन्ट्रैक्टर/फर्म का नाम | परिशिष्ट के अनुसार भुगतान की गई राशि | स्त्रोत पर कर कटौती (TDS) की राशि |
|---|---|---|---|---|
